उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

संख्याः पीआरपीबी–बी(कम्प्यूटर संवर्ग)–15/2025, दिनांकः सितम्बर, 16 2025

उ0प्र0 पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023 एवं पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की लिखित परीक्षा के आयोजन की तिथि का प्रकाशन

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की दिनांक 01.11.20205 को एवं पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की दिनांक 02.11.2025 को एक पाली में ऑफलाइन लिखित परीक्षा (ओ0एम0आर0 आधारित) कराने का निर्णय लिया गया है।

2– उक्त के क्रम में सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए एवं पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 की ऑफलाइन लिखित परीक्षा निम्नानुसार आयोजित की जायेगीः–

क्र0सं0	परीक्षा दिनांक	समय
1	01.11.2025 (शनिवार)	प्रातः 10:00 बजे मध्यान्ह 12:00 तक
2	02.11.2025 (रविवार)	प्रातः 10:00 बजे मध्यान्ह 12:30 तक

3– उपरोक्त पदों पर सीधी भर्ती की ऑफलाइन लिखित परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र के जनपद का नाम परीक्षा तिथि के 07 दिवस पूर्व तथा लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए परीक्षा तिथि से 03 दिवस पूर्व बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति प्रकाशित कर अभ्यर्थियों को अवगत कराया जायेगा।

4– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति की वेबसाइट **https://uppbpb.gov.in** का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदान की जायेगी।

अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।